
## खबर संक्षेप

### अधीक्षक डाकघर ने कर्मचारियों को किया सम्मानित



शहडोल। विश्व योग दिवस के अवसर पर पुष्पेन्द्र सिंह, अधीक्षक डाकघर के मार्गदर्शन में शहडोल प्रधान डाकघर में समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में शहडोल डाक संभाग के अंतर्गत वर्ष 2025-26 में विभिन्न डाकघरों द्वारा किए गए कार्यों की समीक्षा की गई। बैठक के दौरान उन कर्मचारियों को सम्मानित किया गया जिन्होंने निर्धारित लक्ष्यों के अनुरूप उत्कृष्ट कार्य करते हुए अपने-अपने क्षेत्रों में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया। उत्कृष्ट कार्य करने वाले कर्मचारियों को पारितोषिक एवं प्रशस्ति प्रमाण-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। डाक जीवन बीमा के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए शहडोल डाक संभाग में प्रथम पुरस्कार पुष्पेन्द्र सिंह चौहान, उप डाकपाल, शहडोल कलेक्ट्रेट उप डाकघर को तथा द्वितीय पुरस्कार अतुल मिश्रा, उप डाकपाल, बुढ़ार उप डाकघर को प्रदान किया गया। इस अवसर पर पुष्पेन्द्र सिंह, अधीक्षक डाकघर, शहडोल संभाग ने सभी कर्मचारियों को विभागीय लक्ष्यों की प्राप्ति हेतु निरंतर समर्पण एवं उत्कृष्ट कार्य करने के लिए प्रेरित किया तथा सम्मानित कर्मचारियों को बधाई एवं शुभकामनाएँ दीं। उक्त जानकारी मुख्य डाकघर शहडोल संभाग शहडोल विकास अधिकारी मनोज यादव द्वारा दी गई है।

### सड़क किनारे रक्तरंजित मिले चार युवक



उमरिया। जिले के नौरोजाबाद थाना क्षेत्र के मझगवां के पास सोमवार की सुबह उस वक्त हडकंप मच गया, जब सड़क किनारे चार युवक लहूलुहान और मरणासन्न हालत में पड़े मिले। दिल दहला देने वाले इस मंजर को देखकर राहगीरों के होश उड़ गए। आनन-फानन में 108 एम्बुलेंस को सूचना देकर सभी घायलों को जिला अस्पताल पहुंचाया गया, जहां वे जिंदगी और मौत के बीच झूल रहे हैं। प्रथम दृष्टया यह मामला रफ्तार के कहर और नियम ताक पर रखने का नतीजा लग रहा है। सूत्रों के मुताबिक, मझगवां निवासी शिवम बैगा, मुकेश बैगा, सुनील बैगा और उनका एक अन्य साथी बाइक पर सवार होकर करकेली से मझगवां की ओर आ रहे थे। तभी तेज रफ्तार बाइक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पलट गई। एक ही बाइक पर चार लोगों का बैठना ही हादसे को न्योता देने जैसा था। टक्कर इतनी भीषण थी कि चारों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए और सड़क पर खून की नदियां बह गईं। घटना की खबर मिलते ही नौरोजाबाद पुलिस मौके पर पहुंची और दुर्घटनाग्रस्त बाइक को जब्त कर जांच शुरू कर दी है। आखिर हादसा किसी अज्ञात वाहन की टक्कर से हुआ या अनियंत्रित होकर, पुलिस इसकी तफ्तीश में जुटी है।

### रोजगार मेला 25 जून को

शहडोल। प्राचार्य औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था ने बताया कि युवक-युवतियों को उनके शैक्षणिक योग्यता के आधार पर रोजगार के साधनों से जोडने हेतु जिला प्रशासन द्वारा युवा संगम के अंतर्गत 01 दिवसीय रोजगार मेले का आयोजन 25 जून को शासकीय संभागीय आईटीआई शहडोल में किया जाएगा।

## तहसीलदार ने दिया स्थगन आदेश, विजय साहू को बेदखली की चेतावनी

# कल्याणपुर में सरकारी जमीन बेचने वाले पर कसा शिकंजा

### खबर का असर

### 1 लाख रुपये के अर्थदंड और पुलिसिया कार्रवाई का बढ़ा शिकंजा

शहडोल।



हरिभूमि

शहडोल में सरकारी जमीन की मची है लूट





जिला मुख्यालय से सटे कल्याणपुर में महिला एवं बाल विकास विभाग के कार्यालय के ठीक सामने शासकीय भूमि को कौडिय़ों के दाम बेचने और उस पर अवैध महल खड़ा करने के खेल पर आखिरकार प्रशासन का डंडा चल ही गया। हरिभूमि में बीती 16 जून को 'जिम्मेदारों की जेब गर्म, सरकारी जमीन नर्म' शीर्षक से इस महालूट का प्रमुखता से पर्दाफाश किया गया था। खबर छपते ही प्रशासनिक महकमे में हडक़ंप मच गया। इसी का नतीजा है कि महज तीन दिन के भीतर 19 जून 2026 को न्यायालय तहसीलदार सोहागपुर ने कड़ा रुख अपनाते हुए उक्त अवैध निर्माण पर तत्काल प्रभाव से स्थगन आदेश जारी कर दिया है।

### पटवारी की रिपोर्ट और तहसीलदार का कड़ा चाबुक

हरिभूमि में खबर का प्रकाशन होने के बाद नींद से जागे राजस्व अमले ने आनन-फानन में मौका मुआयना किया। पटवारी हल्का कल्याणपुर की रिपोर्ट के आधार पर न्यायालय तहसीलदार सोहागपुर ने म.प्र. भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 248 (संशोधित अधिनियम 2018) के तहत केस दर्ज किया है। सरकारी प्रतिवेदन के अनुसार, ग्राम कल्याणपुर स्थित म.प्र. शासन की शासकीय आराजी खसरा नंबर 23/2/1 (कुल रकबा 5.1240 हेक्टेयर) के आंशिक हिस्से, जिसमें 25&30=750 वर्गफीट एवं 30&30=900 वर्गफीट की बेशकीमती भूमि शामिल है, लेकिन विजय कुमार साहू पिता रामकिशोर साहू द्वारा पक्का मकान बनाकर अवैध कब्जा किया जा रहा था। तहसीलदार ने इस पूरे निर्माण को बिना किसी वैधानिक अधिकारिता के किया गया गंभीर अपराध माना है।

### 1 लाख का अर्थदंड और जेल भेजने की तैयारी

न्यायालय द्वारा जारी किए गए कारण बताओ नोटिस और स्थगन आदेश ने भू-माफियाओं के होश उड़ा दिए हैं। आदेश में अनावेदक विजय कुमार साहू को निर्देशित किया गया है कि वह शासकीय भूमि पर चल रहे निर्माण कार्य को तत्काल रोक दे और जमीन को वर्तमान स्वरूप में बनाए रखे। न्यायालय ने पूछा है कि क्यों न शासकीय भूमि से बेदखल करते हुए अनावेदक पर 1 लाख रुपये का भारी-भरकम अर्थदंड (जुर्माना) थोप दिया जाए। इस पूरे मामले में आगामी सुनवाई 25 जून 2026 को नियत की गई है। यदि अनावेदक या उसका अधिवक्ता उपस्थित होकर जवाब पेश नहीं करता, तो एकपक्षीय कार्रवाई करते हुए बेदखली की जाएगी। आदेश की प्रति सीधे थाना प्रभारी, कोतवाली शहडोल को भेजी गई है, ताकि मौके पर पुलिस बल के जरिए स्थगन का कड़ाई से पालन कराया जा सके। आदेश की अवहेलना करने पर न्यूनतम बल (बुलडोजर) का प्रयोग कर कब्जा ढहाया जाएगा और इसका पूरा खर्च भी भू-राजस्व की भांति आरोपी से ही वसूला जाएगा।

### पटवारी पयासी की भूमिका भी जांच के दायरे में!

हरिभूमि ने अपनी खबर में स्थानीय पटवारी प्रद्युमन पयासी की संदेहास्पद चुप्पी और मौन सहमति पर भी तीखे सवाल दागे थे। खबर के असर का दायरा इतना व्यापक रहा कि अब पटवारी साहब को भी अपनी साख बचाने के लिए मैदान में उतरना पड़ा है। तहसीलदार न्यायालय ने संबंधित हल्का पटवारी को कड़े निर्देश दिए हैं कि वे 25 जून की पेशी से पूर्व मौके की वास्तविक जांच कर अपनी विस्तृत जांच रिपोर्ट न्यायालय में प्रस्तुत करें और स्वयं उपस्थित होकर अपना कथन अंकित कराएं।

### सजग पत्रकारिता की जीत, जनता ने जताया आभार

कल्याणपुर में जिस तरह प्रशासनिक शह पर सरकारी जमीनों को एटीएम बनाकर लूटा जा रहा था, उस पर हरिभूमि की इस खोजी खबर ने करारा प्रहार किया है। जागरूक नागरिकों का कहना है कि अगर मीडिया इसी तरह मुस्तैदी से आवाज उठाता रहे, तो भू-माफिया और भ्रष्ट अधिकारियों का यह गठजोड़ कभी पनप नहीं पाएगा। कलेक्टर की इस त्वरित पहल और तहसीलदार सोहागपुर के इस हंटर से क्षेत्र के अन्य भू-माफियाओं में भी हडक़ंप का माहौल है। अब देखना यह होगा कि 25 जून की पेशी के बाद इस सरकारी जमीन पर चले अवैध हथौड़े को प्रशासन कब मलबे में तब्दील करता है।

## दो दिन से लापता बुजुर्ग की मौत से गहराया रहस्य

# कुएं के भीतर मिली लाश और बाइक

उमरिया।



जिले के इंदवार थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम असोढ़ में सोमवार दोपहर उस वक्त हडक़ंप मच गया, जब एक कुएं के भीतर से एक व्यक्ति की सड़ी-गली लाश और उसकी बाइक बरामद हुई। इस खौफनाक मंजर को जिसने भी देखा, उसकी रूह कांप गई। मृतक की शिनाख्त ग्राम चिमटा निवासी 58 वर्षीय कामता पटेल पिता स्वर्गीय सुग्रीम पटेल के रूप में हुई है, जो पिछले दो दिनों से रहस्यमय ढंग से लापता थे। मिली जानकारी के अनुसार, कामता पटेल बीती 20 जून को एक शादी समारोह में शामिल होने के लिए घर से असोढ़ गांव जाने की बात कहकर निकले थे, लेकिन उसके बाद वापस नहीं लौटे। परिजनों ने काफी खोजबीन के बाद अमरपुर चौकी में उनकी गुमशुदगी की रिपोर्ट भी दर्ज कराई थी। सोमवार को असोढ़ के माटिहाई हार स्थित एक कुएं में ग्रामीणों को बाइक और एक शव तैरता हुआ दिखाई दिया, जिसकी सूचना तुरंत पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही इंदवार थाना प्रभारी और अमरपुर चौकी पुलिस दलबल के साथ मौके पर पहुंची। ग्रामीणों की भारी मशक्कत के बाद शव और बाइक को कुएं से बाहर निकाला गया। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। यह महज एक सडक़ हादसा है या इसके पीछे कोई गहरी साजिश, पुलिस इस गुत्थी को सुलझाने में जुट गई है।

# कलेक्टर ने की सीएम हेल्पलाइन एवं समय-सीमा पत्रों की समीक्षा

## 100 दिन से अधिक लंबित शिकायतों का प्राथमिकता से निराकरण के दिए निर्देश

शहडोल।



कलेक्टर डॉ. केदार सिंह द्वारा कलेक्टर कार्यालय के विराट सभागार में सीएम हेल्पलाइन एवं समय-सीमा के पत्रों की विस्तारपूर्वक समीक्षा की गई। कलेक्टर डॉ. केदार सिंह ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सीएम हेल्पलाइन में 100 दिवस या उससे अधिक समय से लंबित शिकायतों का प्राथमिकता के साथ गुणवत्तापूर्ण एवं संतोषजनक निराकरण सुनिश्चित किया जाए। कलेक्टर ने कहा कि जिन विभागों में 100 दिन से ऊपर की शिकायतें लंबित हैं। संबंधित विभाग के अधिकारी इन शिकायतों की मानीटरिंग स्वयं करें। शिकायतों के निराकरण से संबंधित जवाब एल-1 अधिकारियों के माध्यम से अनिवार्य रूप से दर्ज कराएं।

उन्होंने यह भी कहा कि कोई भी शिकायत अनअटेंडेड न रहे। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि जो विभाग सी या डी श्रेणी में हैं वे सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों के निराकरण में प्रगति लाएं तथा ए श्रेणी में आने के लिए कार्य करें। लगातार सी एवं डी श्रेणी में आने वाले विभागों के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई के भी उन्होंने निर्देश दिए। जिन विभागों में शिकायतों की संख्या कम है, वहां शत-प्रतिशत निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए गए। बैठक में सीईओ जिला पंचायत श्री शिवम प्रजापति, अपर कलेक्टर श्रीमती मिनीषा पाण्डेय, एस डी एम श्रीमती अमृता गर्ग, डिप्टी कलेक्टर श्रीमती अन्तोनिआ एक्का, सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# कलेक्टर की अध्यक्षता में जिला स्तरीय शांति समिति बैठक हुई संपन्न

### शांति समिति के सदस्यों ने मोहर्रम एवं भगवान जगन्नाथ रथ यात्रा आपसी सद्भाव एवं सौहार्द के साथ मनाने की अपील की

### कलेक्टर ने त्योहारो के दौरान सडक़ मरम्मत साफ सफाई तथा बिजली व्यावस्था के दिये निर्देश

शहडोल।



कलेक्टर डॉ. केदार सिंह की अध्यक्षता में जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक विराट सभागार में सम्पन्न हुई । शांति समिति के सदस्यों ने आगामी मोहर्रम तथा भगवान जगन्नाथ की रथ यात्रा आपसी सद्भाव एवं सौहार्द के साथ मनाने की अपील की । बैठक में बताया गया कि मोहर्रम का त्यौहार 26 जून को मनाया जायेगा ।25 जून को रत जगा के कार्यक्रम आयोजित होगे इस दौरान पुलिस की पर्याप्त व्यवस्था रखी जायेगी । भगवान जगन्नाथ की रथ यात्रा 16 जुलाई को निकाली जायेगी । यह रथ यात्रा नगर के प्रमुख मार्गो में लगभग 12 कि.मी. यात्रा करेगी । कलेक्टर ने त्यौहारो के दौरान सडक़ो की मरम्मत कराने साफ सफाई तथा बिजली व्यवस्था के निर्देश संबधित अधिकारियों को दिये। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री अभिशेक दीवान ने कहा की ताजिये पूर्व की परम्परा के अनुसार निश्चित जगह पर ही रखे जाये तथा ताजिये निकालने का रूट एवं ताजिया विशर्जन भी पूर्व निर्धारित स्थानो पर ही किया जाये । बैठक में एसडीएम जयसिंहनगर एवं ब्यौहारी काजोल सिंह, सोहागपुर श्रीमती अमृता गर्ग, यातायात निरीक्षक संजय जायसवाल, नगरपालिका अध्यक्ष घनश्याम जायसवाल, गिरधर सिंह, चंद्रेश दिवेदी, राजेश्वर उदानिया विष्णूप्रताप सिंह, दिनेश अग्रवाल, शानउल्ला खान, डा. परमानंद तिवारी,लक्ष्मण गुप्ता, विनय केवट सहित शांति समिति के अन्य सदस्य उपस्थित रहे ।

# मिनी ब्राजील के खिलाड़ियों को मिली फुटबॉल फीफा वर्ल्ड कप देखने की सुविधा

शहडोल।




कलेक्टर डॉ.केदार सिंह के प्रयासों से मिनी ब्राजील के नाम से पहचान बना चुके ग्राम विचारपुर के फुटबॉल खिलाडिय़ों को 11 जून से प्रारंभ हुए फीफा वर्ल्ड कप फुटबॉल प्रतियोगिता को देखने हेतु एल.ई.डी. की व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। सहायक संचालक रईस अहमद ने बताया कि एल.ई.डी. की व्यवस्था होने से लाइव मैच दिखाकर बच्चों को खेल की बारीकियां, रणनीतियां और कोचिंग प्लान समझाना काफी आसान हो जाएगा। इससे ग्रामीण क्षेत्र की प्रतिभाओं को अंतरराष्ट्रीय स्तर का एक्सपोजर मिलेगा। इस अवसर पर रिलायंस फाउंडेशन के राजीव श्रीवास्तव, फुटबॉल खिलाड़ी, कोच सहित अन्य लोगों ने 21 जून को खेले जा रहे फुटबॉल प्रतियोगिता का लाइव प्रसारण देखा एवं सुना गया ।

# छात्र हितों के लिए मुखर हुआ एनएसयूआई

### विश्वविद्यालय में रुकी अंकसूचियों और लंबित परिणामों को लेकर कुलपति को घेरा, दी आंदोलन की चेतावनी

शहडोल।



स्थानीय पंडित शंभूनाथ शुक्ल विश्वविद्यालय में व्याप्त शैक्षणिक अनियमितताओं और छात्र-छात्राओं के भविष्य से जुड़ी गंभीर समस्याओं को लेकर भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन ने मोर्चा खोल दिया है। संगठन के जिलाध्यक्ष सौरभ तिवारी के नेतृत्व में बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं ने विश्वविद्यालय पहुंचकर कुलपति को एक विस्तृत मांग पत्र सौंपा। इस दौरान विद्यार्थियों ने अपनी लंबित मांगों का शीघ्र निराकरण करने के लिए आवाज बुलंद की।

### परीक्षाओं के समय पर भी आपत्ति

छात्र नेताओं ने कुलपति को बताया कि कृषि विज्ञान के वर्ष 2022 बैच के विद्यार्थियों को अभी तक उनके छठवें सत्र (सेमेस्टर) की मूल अंकसूची उपलब्ध नहीं कराई गई है। इसके कारण प्रतिभावान छात्र-छात्राओं को स्नातकोत्तर तथा अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए आवेदन करने में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। इसके साथ ही सत्र 2023 के प्रथम सत्र की परीक्षाएं अब तक आयोजित न होने से भी शैक्षणिक कैलेंडर पिछड़ रहा है। संगठन ने कला, वाणिज्य, शारीरिक शिक्षा, योग विज्ञान तथा संगीत विभाग के चतुर्थ सत्र की परीक्षाओं के समय में भी तत्काल परिवर्तन करने की मांग की। वर्तमान में परीक्षा का समय दोपहर 3 बजे से शाम 6 बजे तक निर्धारित है, जिससे ग्रामीण और दूर-दराज के क्षेत्रों से आने वाले विद्यार्थियों, विशेषकर छात्राओं को घर लौटने में असुरक्षा और आवागमन की भारी असुविधा झेलनी पड़ती है।

### कृषि विभाग में बुनियादी सुधार और एटीकेटी परिणामों की मांग

ज्ञापन के माध्यम से सत्र 2024-25 एवं 2025-26 के तृतीय एवं चतुर्थ सत्र के पूरक विद्यार्थियों के परिणाम घोषित करने में हो रहे विलंब पर गहरी चिंता जताई गई। इसके अलावा कृषि विभाग में योग्य और उत्तरदायी विभागाध्यक्ष की स्थाई नियुक्ति करने, आधुनिक प्रयोगशाला, प्रोजेक्टर, प्रायोगिक कार्य, मैदानी कार्य (फील्ड वर्क) तथा कक्षाओं की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने का आग्रह किया गया।

### मांगें पूरी न होने पर उग्र आंदोलन की दी चेतावनी

छात्र संगठन ने विश्वविद्यालय प्रशासन को दोटूक शब्दों में सचेत किया है कि यदि निर्धारित समय के भीतर इन छात्र-हितैषी मांगों पर ठोस कार्रवाई नहीं की गई, तो विद्यार्थियों के भविष्य की रक्षा के लिए विश्वविद्यालय परिसर में उग्र आंदोलन किया जाएगा, जिसकी समस्त जवाबदेही प्रशासन की होगी। इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष सिमरन कौर, आशीष द्विवेदी, विश्वविद्यालय अध्यक्ष दीपांशु गुप्ता, जिला सचिव गुलशन पटवार, आसू सिंह, महेंद्र यादव, हर्षित सिंह बघेल, शिवम तिवारी, दीपक साहू, सुमित, आयुष, आलोक, हिमांशु, अखिलेश, राजमणि, सचिन, मुस्कान तथा क्रांति सहित सैकड़ों की संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## सोन नदी में करंट से हुई मौत का आरोपी गिरफ्तार, भेजा गया जेल

# भागते आरोपी को पुलिस ने घेराबंदी कर दबोचा

### नदी किनारे अवैध बिजली शिकार का हुआ भंडाफोड़

शहडोल।

जिले के पपौंध थाना क्षेत्र के अंतर्गत सरसी गांव में सोन नदी के किनारे करंट लगाकर मछली पकडऩे के दौरान हुई युवक की दर्दनाक मौत के मामले में पुलिस ने बड़ी कामयाबी हासिल की है। घटना के बाद से ही फरार चल रहे मुख्य आरोपी को पुलिस ने मुस्तैदी दिखाते हुए न केवल ढूंढ निकाला, बल्कि उसे गिरफ्तार कर न्यायालय के आदेश पर सीधे जेल की सलाखों के पीछे पहुंचा दिया है। पुलिस की इस त्वरित और पेशेवर कार्रवाई की क्षेत्र में जमकर सराहना हो रही है।

**शव छोड़ भागा था आरोपी-** पुलिस से प्राप्त प्रामाणिक जानकारी के अनुसार, बीती 19 जून को सरसी निवासी रजनीश लोनी उम्र 28 वर्ष और उसका साथी शंकर लोनी सोन नदी में मछली पकडऩे गए थे। दोनों ने ज्यादा मुनाफे के लालच में नदी किनारे स्थित एक खेत से बिजली का अवैध कनेक्शन (कटिया) फंसाया और पानी में नंगे तार डाल दिए। इसी आत्मघाती खेल के दौरान रजनीश खुद करंट की चपेट में आ गया और तड़प-तड़प कर मौके पर ही उसकी मौत हो गई। खौफनाक मोड़ तब आया जब साथी शंकर लोनी अपने तड़पते दोस्त की मदद करने के बजाय शव को लावारिस हालत में छोडक़र मौके से रफूचक्कर हो गया।

**मौके से मिले सबूतों ने खोली पोल-** घटना की सूचना मिलते ही पपौंध थाना प्रभारी बृजेंद्र मिश्रा अपनी टीम के साथ तत्काल मौके पर पहुंचे। पुलिस ने सूझबूझ दिखाते हुए घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण किया, जहां से अवैध बिजली के तार और शिकार में इस्तेमाल होने वाली अन्य संदिग्ध सामग्रियां बरामद की गईं। मर्ग कायम कर जांच में जुटी पुलिस ने जब तकनीकी साक्ष्य और मुखबिर तंत्र को सक्रिय किया, तो फरार आरोपी शंकर लोनी का सुराग मिल गया। सोमवार को पुलिस ने घेराबंदी कर आरोपी को दबोच लिया, जिसने पूछताछ में अपना गुनाह कबूल कर लिया है।

**जानलेवा है करंट से शिकार-** इस सफल और त्वरित कार्रवाई में थाना प्रभारी बृजेंद्र मिश्रा के कुशल नेतृत्व में प्रधान आरक्षक अजय वर्मा सहित पूरी पुलिस टीम की सराहनीय और महत्वपूर्ण भूमिका रही। पुलिस अधिकारियों ने दोटूक शब्दों में चेतावनी दी है कि जल स्रोतों में करंट लगाकर मछली पकडऩा न केवल कानूनन जुर्म है, बल्कि सीधे-सीधे मौत को आमंत्रण देना है। क्षेत्र में ऐसी अवैध गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिए पुलिस का खोजी अभियान लगातार जारी रहेगा।

### युवक ने उठाया आत्मघाती कदम



उमरिया। जिले के ताला-बडख़ेरा गांव में सोमवार दोपहर उस वक्त चीख-पुकार मच गई, जब एक युवक ने अज्ञात कारणों के चलते मौत को गले लगाने की कोशिश की। इस आत्मघाती कदम से पूरे इलाके में सनसनी फैल गई है। गनीमत रही कि ऐन वक्त पर परिजनों की नजर पड़ गई और संजोग से युवक की जान बच गई। मिली जानकारी के अनुसार, दोपहर करीब 1 बजे रामपाल बैगा नामक युवक ने अज्ञात परिस्थितियों में यह खौफनाक कदम उठाया। घटना की भनक लगते ही घर में कोहराम मच गया और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। ग्रामीणों ने बिना वक्त गंवाए तत्काल 108 एम्बुलेंस को सूचना दी। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची एम्बुलेंस टीम ने युवक को तुरंत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चंदिया पहुंचाया। अस्पताल में डॉक्टरों ने मुस्तैदी दिखाते हुए प्राथमिक उपचार तो किया, लेकिन युवक की नाजुक और गंभीर स्थिति को देखते हुए उसे फौरन जिला अस्पताल रेफर कर दिया है, जहां वह डॉक्टरों की निगरानी में है। आखिर किस मानसिक तनाव या पारिवारिक कलह के चलते युवक ने यह जानलेवा कदम उठाया, इसका खुलासा अभी नहीं हो सका है। चंदिया पुलिस मामले की गहराई से तफ्तीश कर रही है।

## खबर संक्षेप

### अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर चचाई में भव्य योगाभ्यास कार्यक्रम का आयोजन



**चचाई।** 21 जून को अमरकंटक ताप विद्युत चचाई के श्रम कल्याण केंद्र में 12 अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर सामूहिक योग अभ्यास किया गया इस अवसर पर विद्युत नगरी के अधिकारी कर्मचारी व्यापारी एवं सामाजिक कार्यकर्ता आदि लोग के साथ आम नागरिक भी समलित हुए प्रशिक्षित योग शिक्षक राम नारायण सोनी वरिष्ठ संयंत्र सहायक द्वारा योग पर प्रकाश डालते हुए योगाभ्यास कराया गया योगाभ्यास के कार्यक्रम में अधिकारियों कर्मचारियों एवं उनके परिवार के सदस्यों की सक्रिय भूमिका रही कार्यक्रम के अंत में अशोक कुमार खरे सहायक अभियंता (मुख्यालय ) द्वारा सभी उपस्थित जन को धन्यवाद एवं आभार प्रदर्शन कर स्वास्थ्य एवं निरोगी रहने के लिए नियमित योगाभ्यास करने का आग्रह किया गया।

### सिकल सेल एनीमिया जांच शिविर एवं उपचार का आयोजन



**कोतमा।** स्वास्थ्य विभाग अनूपपुर, आयुष विभाग अनूपपुर एवं जन स्वास्थ्य गनियारी संस्थान के संयुक्त तत्वाधान में सोमवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कोतमा में एक दिवसीय सिकल सेल एनीमिया शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में कुल 64 मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। डॉक्टर संगीता प्रजापति द्वारा प्रत्येक मरीज की जांच की गई और उन्हें सिकल सेल रोग के लक्षण बचाव एवं प्रबंधन के बारे में विस्तार से जानकारी प्रदान की गई प्रत्येक मरीज को आवश्यक दवाइयों के साथ-साथ सहायक आयुर्वेदिक औषधियां भी निशुल्क प्रदान की गई। आधुनिक औषधियां हाइड्रोक्सी यूरिया और फोलिक एसिड, सहायक आयुर्वेदिक औषधियां अश्वगंधा चूर्ण, रास्ता सप्तक काढा, च्वयनप्राश, त्रिकटु आदि का वितरण किया गया। शिविर को सफल बनाने मे खंड चिकित्सा अधिकारी (बीएमओ) डॉक्टर केएल दीवान का मार्गदर्शन एवं महत्वपूर्ण सहयोग गनियारी संस्था की टीम की भूमिका अत्यंत सराहनीय रही इस अवसर पर लक्ष्मी पाटकर, वैभवी दुबे, शालिनी मिश्रा, पूजा मेहरा, सीमा सिंह, सीमा निराला, ममता सिंह अन्य स्वास्थ्य कर्मी उपस्थित रहे। यह शिविर सिकल सेल एनीमिया के प्रति जागरूकता फैलाने और जरूरत मंद मरीजों तक उपचार पहुंचाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

### दो पक्षों के बीच हुई मारपीट, चले लाठी डंडे

**कटनी।** माधवनगर थाना क्षेत्र के अंतर्गत शराब दुकान के पास दो पक्षों में जमकर मारपीट हुई। पुलिस ने दोनों ही पक्षों की शिकायत पर मामला दर्ज किया है। जानकारी के अनुसार पहले पक्ष की ओर से मोनू मिश्रा 25 वर्ष निवासी ग्राम बड़ागांव की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी ओम प्रकाश बेन एवं शनि बेन के खिलाफ गालियां देने, मारपीट करने और जान से मारने की धमकी देने पर अपराध दर्ज किया है। वहीं दूसरे पक्ष की ओर से ओम प्रकाश बेन 36 वर्ष निवासी ग्राम गनियारी की शिकायत पर आरोपी मोनू मिश्रा एवं आशीष दुबे के खिलाफ मामला दर्ज हुआ है। ओम प्रकाश का आरोप है कि आरोपियों ने उन्हें घेरकर मारपीट की और जातिसूचक गालियां दीं। पुलिस ने इस मामले में एससी-एसटी एक्ट की धाराएं भी जोड़ी हैं। इसी तरह उमरियापान थाना अतर्गत धौरेसर में आपसी विवाद को लेकर दो पक्षों के बीच जमकर मारपीट हुई, जिसमें दोनों पक्षों के लोग घायल हुए हैं।

---

जांच के नाम पर अफसरों के शादी और बीमारी वाले बहाने चालू

# भ्रष्टाचार की डस्टबिन बनी मानपुर जनपद

**मानपुर।** जनपद पंचायत मानपुर के तहत आने वाली ग्राम पंचायत छपडौर इन दिनों भ्रष्टाचार का गढ़ बन चुकी है। ताज्जुब की बात यह है कि इस महाघोटाले की फाइलें आज भी जनपद कार्यालय की डस्टबिन में धूल खा रही हैं, लेकिन मजाल है कि भ्रष्ट तंत्र की सेहत पर कोई आंच आई हो। जब भी जिम्मेदार अधिकारियों से छपडौर पंचायत के घोटालों की जांच रिपोर्ट मांगी जाती है, तो उनके पास बहानों की लंबी फेहरिस्त तैयार मिलती है। कभी साहब की तबीयत खराब हो जाती है, कभी शादी-ब्याह की व्यस्तता आड़े आ जाती है, तो कभी सरकारी कार्यक्रमों का रोना रोकर अफसर अपना पल्ला झाड़ लेते हैं। जांच टीम गठित हुए 15 दिन से अधिक का समय बीत चुका है, लेकिन आज तक न तो जांच अधिकारी का नाम सार्वजनिक किया गया और न ही जांच की कोई कॉपी सामने आई है। आखिर अधिकारियों की यह रहस्यमयी चुप्पी क्या बयां करती है? साफ है कि जनपद के आला अफसरों की नाक के नीचे सरपंच, सचिव और उपयंत्री मिलकर शासकीय राशि से अपनी जेबें भरने के खेल में मशगूल हैं।





### कागजों में चमचमाते 24 लाख के एस्टीमेट

ग्राम पंचायतों में विकास कार्यों के नाम पर 15 लाख से लेकर 24 लाख रुपये तक के भारी-भरकम एस्टीमेट मंजूर किए जाते हैं। लेकिन सवाल यह उठता है कि जब बजट इतना बड़ा है, तो धरातल पर निर्माण कार्य दम क्यों तोड़ देते हैं?

### नियमों को रौंदकर बनाई जा रही देवरी की सड़क

ग्राम देवरी में सीसी रोड निर्माण में सारे तकनीकी नियमों को ताक पर रख दिया गया है। नियम कहते हैं कि सीसी रोड बनाने से पहले जमीन की खुदाई हो, पॉलिथीन बिछाई जाए और बेस डालकर बाकायदा सिंचाई (क्यूरिंग) की जाए, लेकिन यहां सरपंच-सचिव की मनमानी के आगे सारे नियम बौने साबित हो रहे हैं। एक तरफ सूबे के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आए दिन नई योजनाएं ला रहे हैं ताकि स्थानीय मजदूरों को काम मिले और उनका पलायन रुके, वहीं दूसरी ओर छपडौर पंचायत में मजदूरों का हक मारकर मशीनों से धड़ल्ले से निर्माण कार्य कराया जा रहा है।

### नाले की रेत, फर्जी बिलों का खेल

अभी कुछ दिनों पहले ही हरिभूमि ने दलबल हार नाले में बने चेकडैम में हुए व्यापक भ्रष्टाचार का पर्दाफाश किया था। 15वें वित्त आयोग से स्वीकृत 14 लाख रुपये के एस्टीमेट वाले इस काम में धरातल पर मुश्किल से 4 से 5 लाख रुपये ही खर्च किए गए हैं, बाकी की राशि का बंदरबांट हो चुका है। चौंकाने वाला खुलासा यह भी हुआ है कि इस चेकडैम के निर्माण में इसी नाले की अवैध रेत का धड़ल्ले से इस्तेमाल किया गया। शासकीय नियमों के मुताबिक निर्माण कार्यों में उपयोग होने वाली रेत की रॉयल्टी पर्ची लगाना अनिवार्य है, लेकिन यहाँ बिना रॉयल्टी के नाले की रेत समेटी गई और ग्राम पंचायत में फर्जी बिल लगाकर लाखों रुपये का आहरण (विड्रॉल) कर लिया गया।

### कलेक्टर और सीईओ से जनापेक्षा

इस पूरे मामले में अब कलेक्टर श्रीमती राखी सहाय एवं जिला पंचायत सीईओ अभय सिंह ओहरिया से जनता को भारी उम्मीदें हैं। मांग की जा रही है कि ग्राम पंचायत छपडौर में पूर्व में हुए और वर्तमान में चल रहे तमाम निर्माण कार्यों की एक उच्च स्तरीय निष्पक्ष जांच कराई जाए। दोषियों पर ऐसी दंडात्मक और दफन करने वाली कार्रवाई हो, ताकि दोबारा कोई शासकीय राशि की इस तरह डकैती डालने की हिम्मत न कर सके।

### इनका कहना है

अभी मेरे भांजे की शादी है तो मैं छुट्टी लिया हूं जैसे वापस आता हूं तो, दिखवा लेता हूं।

**राजेश जाटव**
**एपीओ**
**जनपद पंचायत मानपुर**

---

# सी ग्रेड में रहने वाले अधिकारियों को शो-कॉज नोटिस जारी करने के निर्देश



**उमरिया।** कलेक्टर श्रीमती राखी सहाय की अध्यक्षता में सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में समय-सीमा बैठक आयोजित की गई। बैठक में सीएम हेल्पलाइन सहित विभिन्न विभागों के लंबित प्रकरणों की समीक्षा की गई तथा अधिकारियों को शिकायतों एवं आवेदनों का समयबद्ध, गुणवत्तापूर्ण एवं संवेदनशीलता के साथ निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। इस दौरान कलेक्टर ने सीएम हेल्पलाइन में लगातार सी ग्रेड में बने रहने वाले विभाग प्रमुखों को शो-कॉज नोटिस जारी करने के निर्देश दिए।

बैठक में आयुक्त शहडोल संभाग कार्यालय से प्राप्त आवेदनों, जनसुनवाई प्रकरणों, न्यायालयीन मामलों, मानवाधिकार आयोग से संबंधित पत्रों तथा फेक न्यूज प्रकरणों की विभागवार समीक्षा की गई। कलेक्टर श्रीमती सहाय ने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि शिकायतों के निराकरण में किसी भी प्रकार की लापरवाही अथवा अनावश्यक विलंब स्वीकार नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि अधिकारी स्वयं शिकायतों की गंभीरता को समझते हुए उनका प्रभावी एवं संतोषजनक निराकरण सुनिश्चित करें।

कलेक्टर ने प्रवासी श्रमिकों के पंजीयन कार्य में गति लाने के निर्देश भी दिए। साथ ही स्वास्थ्य विभाग की आयुष्मान कार्ड निर्माण में अपेक्षित प्रगति नहीं होने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए अभियान चलाकर अधिक से अधिक पात्र हितग्राहियों के आयुष्मान कार्ड बनाने के निर्देश दिए। बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अभय सिंह, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आलोक कुमार शर्मा, संयुक्त कलेक्टर श्रीमती रीता डेहरिया, अमित सिंह, वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से एसडीएम मानपुर सुश्री हरनीत कौर कसली, एसडीएम पाली सुश्री मीनाक्षी इंगले, डिप्टी कलेक्टर कमलेश राम नीरज, डिप्टी कलेक्टर श्री प्रत्युष श्रीवास्तव सहित विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।




# कलेक्टर की अध्यक्षता में जिला कौशल विकास समिति की बैठक

**उमरिया।** कलेक्टर श्रीमती राखी सहाय कि अध्यक्षता में कलेक्टर सभागार में जिला कौशल विकास समिति की बैठक संपन्न हुई। बैठक में कौशल विकास से सम्बंधित विभिन्न योजनाओं की जानकारी , लक्ष्यों की पूर्ति हेतू कार्ययोजना , प्लेसमेंट , आईटीआई में प्रवेश की कार्ययोजना बनाने के साथ ही आई.टी.आई के बाद कैरियर के अवसर पर चर्चा की गई। बैठक में बताया गया कि मुख्यमंत्री सीखो कमाओं योजना के तहत 37 प्रशिक्षणार्थियों को प्रशिक्षण प्रदाय किया जा चुका है। संस्था स्तर पर विभिन्न कंपनी व्दारा प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन कर 230 प्रशिक्षणार्थियों का अंतिम चयन किया गया है साथ ही युवा संगम के माध्यम से 1216 युवाओ को रोजगार उपलब्ध कराया गया। प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के तहत 57 प्रशिक्षणार्थियों को प्रशिक्षित किया गया है। इस अवसर पर अधिकारियों ने अपने अपने सुझाव भी दिए।

बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अभय सिंह, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आलोक कुमार शर्मा, संयुक्त कलेक्टर श्रीमती रीता डेहरिया, अमित सिंह , डिप्टी कलेक्टर कमलेश राम नीरज, डिप्टी कलेक्टर प्रत्युष श्रीवास्तव सहित विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

---

# चेन स्नेचिंग के फरार आरोपी को चिन्हित कर कोतमा पुलिस ने आरोपी मंजय नट को किया गिरफ्तार

**कोतमा।** 19 मई को फरियादी जितेंद्र त्रिपाठी निवासी वार्ड नंबर 05 कोतमा ने थाने आकर रिपोर्ट दर्ज कराई कि 17 मई को शाम के समय मेरी मां सरोज तिवारी कोतमा बाजार से सब्जी खरीद कर घर जा रही थी तभी जखीरा चौक के पास एक मोटरसाइकिल से दो व्यक्ति खड़े थे इसमें से एक ने झपट्टा मारकर मेरी मां के गले में पहनी हुई सोने की चेन को खींचा और दोनों व्यक्ति मोटरसाइकिल से भाग गए। घटना की रिपोर्ट पर धारा 304 (2) एवं 3(5) का अपराध कायम कर घटना की विवेचना में अज्ञात आरोपियों की पता तलाश सरगर्मी से की गई। पुलिस अधीक्षक विक्रांत मुराब के निर्देशन में उक्त मामले की पतासाजी हेतु थाना प्रभारी कोतमा रत्नांबर शुक्ल के द्वारा एक टीम गठित की गई। पुलिस टीम ने लगभग 50 से अधिक सीसीटीवी कैमरा के फुटेज खंगाले तथा फुटेज मे आई आरोपियों के फोटो और वीडियो को विभिन्न पुलिस ग्रुप में तथा सोशल मीडिया में शेयर किया। लगातार पता तलाश के दौरान जानकारी मिली की घटना मंजय नट (कंजर) पिता कान्हा राम नट उम्र 32 साल निवासी पत्थलगांव जिला जसपुर छत्तीसगढ़ तथा सोनू नट निवासी पत्थलगांव जिला जसपुर छत्तीसगढ़ द्वारा की गई है साथ ही घटना की रैकी तथा सहयोग में उनके साथ आकाश नट निवासी पत्थलगांव एवं बाबू सिंह निवासी कोलकाता भी शामिल थे। पुलिस द्वारा आरोपियों की लगातार तलाश की जा रही थी जिसमें से आरोपी मंजय नट (कंजर) को 21 जुन को कोतमा रेलवे स्टेशन के आगे रेल पटरी के पास से गिरफ्तार किया गया है तथा आरोपी से पूछताछ के बाद उसके कब्जे से सोने की चेन को बेचने से हिस्से में मिले रूपए में से 3300 रुपये जप्त किए गए हैं। आरोपी को न्यायालय पेश किया जा रहा है एवं अन्य आरोपियों की पता तलाश लगातार जारी है। उल्लेखनीय है कि गिरफ्तार आरोपी मंजय नट अत्यंत शातिर तथा आदतन लुटेरा व झपटमार है, जिसके ऊपर उड़ीसा, छत्तीसगढ़ तथा झारखंड के अलग अलग थानों में 20 से अधिक मामले दर्ज हैं। पूछताछ के दौरान आरोपी मंजय नट ने बिजुरी, झारसुगुड़ा, सक्ती तथा पन्ना जिले में भी इसी तरह की घटना करना बताया है। जिस पर संबंधित पुलिस थानों को कार्यवाही हेतु सूचित किया गया है। उक्त कार्रवाई में थाना प्रभारी कोतमा निरीक्षक रत्नांबर शुक्ल के साथ प्रधान आरक्षक रामखेलावन यादव, प्रधान आरक्षक दिनेश राठौर, प्रधान आरक्षक संजीव त्रिपाठी, आरक्षक अभय त्रिपाठी एवं आरक्षक धर्मेंद्र जाटव की अहम भूमिका रही।




# 10 करोड़ की मॉडल सड़क बन गई पार्किंग का अड्डा



**कोतमा।** नगर के सौंदर्यीकरण एवं व्यवस्थित आवागमन की सुविधा उपलब्ध करवाने के लिए शासन के द्वारा ढेड साल पहले बनिया टोला से केरहा नाला तक सीमेंट युक्त माडल सडक का निर्माण कार्य करवाया गया है। निर्माण के शुरुआती दिनों से ही यह सड़क विवादों से घिरी रही सड़क पूरी तरह से भ्रष्टाचार की भेद चढ़ गई रही सही कसर दुकानदारों ने पूरी कर दी है। केशवाही चौराहा से केरहा नाला तक दुकानदारों के द्वारा अपने वाहनों को सड़कों पर ही खड़ा करते हुए नियमित रूप से पार्किंग का अड्डा घोषित कर दिया है। गहोई मिल के सामने से दुकानदारों के द्वारा चार पहिया एवं बड़े वाहन सहित पिकअप वाहन को आगे सड़क में खड़ा करते हुए पार्किंग का अड्डा बना दिया गया है। वही मोटर गैरेज दुकानदारों के द्वारा सड़क पर ही वाहनों को खड़ा करते हुए रिपेयरिंग का कार्य किया जाता है। सड़क में दो पहिया वाहन को खड़ा कर दिया जाता है। केशवाही तिराहा से केरहा नाला के बीच बनी माडल सड़क मे ही भवन निर्माता के द्वारा निर्माण सामग्री रेत गिट्टी ईट छड को सड़क रखवा दिया जाता है। जिसके कारण एक ओर की सड़क का आवागमन पूरी तरह से बाधित हो जाता है। माडल सड़क को दुकानदारों के द्वारा अघोषित रूप से पार्किंग का अड्डा बना लिया गया है साथ ही बड़े मालवाहक वाहनों को सड़क पर ही खड़ा करवाते हुए सामान खाली करवाया जाता है जिसके कारण एक ओर से आने वाले वाहन नजर नहीं आते हैं जिसके कारण किसी दिन कोई बड़ी दुर्घटना घटित हो जाएगी तब जाकर के जिम्मेदारों की नींद खुलेगी और ऐसे वाहन मालिकों एवं दुकानदारों के विरुद्ध कार्यवाही करेगा।

---

# बंजर धरती पर हरियाली का चमत्कार

## परमानंद कुमार ने तैयार किया 20 हजार फलदार पौधों का अनोखा उद्यान

### विदेशी आमों की 40 प्रजातियां बनी आकर्षण का केंद्र

**बदरा/जमुना।** जिले के पसान क्षेत्र से पर्यावरण संरक्षण, आत्मनिर्भरता और ग्रामीण विकास की एक प्रेरणादायक मिसाल सामने आई है। यहां के पर्यावरण प्रेमी एवं प्रगतिशील कृषक परमानंद कुमार ने अपनी दूरदर्शी सोच और अथक परिश्रम से वर्षों से अनुपयोगी पड़ी बंजर भूमि को एक विशाल फलदार उद्यान में परिवर्तित कर दिया है। जमुना क्षेत्र के समीप स्थित इस फार्म हाउस में आज लगभग 20 हजार फलदार पौधे लहलहा रहे हैं, जिनमें 30 से 40 प्रजातियों के विदेशी आम, उन्नत किस्म के कटहल, अमरूद सहित कई दुर्लभ फलदार वृक्ष शामिल हैं। कभी वीरान और सूखी पड़ी जमीन आज हरियाली से आच्छादित होकर क्षेत्र के किसानों और युवाओं के लिए प्रेरणा का केंद्र बन गई है। परमानंद कुमार बताते हैं कि सही योजना, निरंतर देखभाल और धैर्य के साथ बंजर भूमि को भी उपयोगी बनाया जा सकता है। उनका मानना है कि शुरुआती दो से तीन वर्षों तक पौधों की उचित देखभाल की जाए तो आने वाले कई दशकों तक उनसे बेहतर उत्पादन और आर्थिक लाभ प्राप्त किया जा सकता है। इस अनूठी पहल से न केवल पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा मिला है, बल्कि स्थानीय लोगों को रोजगार के अवसर भी प्राप्त हो रहे हैं। परमानंद कुमार का कहना है कि यदि शासन और उद्यानिकी विभाग का सहयोग मिले तो इस मॉडल को बड़े स्तर पर विकसित कर जिले में रोजगार सृजन और किसानों की आय बढ़ाने की दिशा में महत्वपूर्ण योगदान दिया जा सकता है।



परमानंद कुमार की इस उपलब्धि को देखने के लिए क्षेत्र के जनप्रतिनिधि भी फार्म हाउस पहुंचे। पसान नगर पालिका अध्यक्ष राम अवध सिंह ने इसे क्षेत्र की ऐतिहासिक उपलब्धि बताते हुए कहा कि उन्होंने अपने सार्वजनिक जीवन में इतने बड़े स्तर पर विकसित ऐसा फल उद्यान बहुत कम देखा है। उन्होंने इस कार्य को शासन-प्रशासन तक पहुंचाने और जिला प्रशासन से स्थल का अवलोकन कराने का आश्वासन दिया। विधायक प्रतिनिधि उदय सिंह मामा ने इस फार्म हाउस को पर्यावरण संरक्षण और विकसित भारत की भावना को साकार करने वाली प्रेरणादायक पहल बताया। भाजपा मंडल अध्यक्ष धीरेंद्र सिंह उर्फ मिंटू ने कहा कि यह प्रयास ग्रामीण क्षेत्र में रोजगार और आर्थिक उन्नति के नए द्वार खोलने वाला है। बागवानी स्थल के निरीक्षण के दौरान पर्यावरण प्रेमी परमानंद कुमार, नगर पालिका अध्यक्ष राम अवध सिंह, विधायक प्रतिनिधि उदय सिंह मामा, भाजपा मंडल अध्यक्ष धीरेंद्र सिंह उर्फ मिंटू, जनमंजय दुबे, संतोष चौरसिया, राजेश सिंह, गुलाब रजक, कोले दास, सुधीर सिंह, संतोष श्रीवास्तव, दीक्षित इंजीनियर एवं प्रेमदास सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। परमानंद कुमार की यह सफलता इस बात का जीवंत प्रमाण है कि दृढ़ इच्छाशक्ति, वैज्ञानिक सोच और निरंतर परिश्रम से बंजर धरती को भी हरियाली और समृद्धि में बदला जा सकता है। उनका यह मॉडल अनूपपुर सहित पूरे कोयलांचल क्षेत्र के किसानों और युवाओं के लिए प्रेरणा का स्रोत बनकर उभरा है।

# तम्बाकू नियंत्रण पर जिला स्तरीय कार्यशाला एवं समन्वय समिति की बैठक सम्पन्न

**उमरिया।** राष्ट्रीय तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत कलेक्टर सभागार में कलेक्टर श्रीमती राखी सहाय की अध्यक्षता में जिला स्तरीय समन्वय समिति की बैठक एवं तम्बाकू नियंत्रण विषयक जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कलेक्टर श्रीमती राखी सहाय ने शिक्षा विभाग एवं स्वास्थ्य विभाग को समनव्य कर तम्बाकू मुक्त शिक्षण संस्थान बनाने हेतु निर्देशित किया । साथ ही संबंधित विभागों को तम्बाकू नियंत्रण कानूनों एवं दिशा-निर्देशों का प्रभावी पालन सुनिश्चित करने तथा जन-जागरूकता एवं प्रवर्तन गतिविधियों को और अधिक सुदृढ़ करने के निर्देश दिए गए।



कार्यशाला का उद्देश्य विभिन्न विभागों के अधिकारियों को भारतीय तम्बाकू नियंत्रण कानून एवं तम्बाकू नियंत्रण संबंधी दिशा-निर्देशों के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु उन्मुख करना था।

कार्यशाला के तकनीकी सत्र में एम.पी.वी.एच.ए. के संभागीय समन्वयक रोहित पालीवाल द्वारा राष्ट्रीय तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम एवं भारतीय तम्बाकू नियंत्रण कानून (कोटपा-2003) के प्रावधानों पर विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। उन्होंने बताया कि भारत में प्रतिवर्ष लगभग 13 से 14 लाख लोगों की मृत्यु तम्बाकू उत्पादों के सेवन के कारण होती है, जो एक गंभीर जनस्वास्थ्य चुनौती है।

उन्होंने राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण के आंकड़ों का उल्लेख करते हुए बताया कि उमरिया जिले मं। 15 वर्ष एवं उससे अधिक आयु के 59.1 प्रतिशत पुरुष तथा 13.9 प्रतिशत महिलाएं किसी न किसी रूप में तम्बाकू का सेवन करती हैं। तम्बाकू सेवन की इस उच्च दर को कम करने के लिए सार्वजनिक स्थलों को तम्बाकू-मुक्त बनाने तथा तम्बाकू नियंत्रण कानूनों का प्रभावी क्रियान्वयन अत्यंत आवश्यक है।

श्री पालीवाल ने बताया कि भारतीय तम्बाकू नियंत्रण कानून (कोटपा-2003), तम्बाकू-मुक्त शिक्षण संस्थान दिशा-निर्देश, तम्बाकू-मुक्त ग्राम मानक संचालन प्रक्रिया , इलेक्ट्रॉनिक सिगरेट प्रतिषेध अधिनियम-2019, हुक्का बार प्रतिबंध संबंधी प्रावधान, नगरपालिका अधिनियम एवं अन्य संबंधित कानूनों एवं दिशा-निर्देशों के प्रभावी अनुपालन से सार्वजनिक स्थलों को तम्बाकू-मुक्त बनाया जा सकता है।

इसके साथ ही उन्होने कोटपा-2003 की प्रमुख धाराओं की जानकारी , तम्बाकू नियंत्रण कानूनों के प्रभावी क्रियान्वयन, सार्वजनिक स्थलों को तम्बाकू-मुक्त बनाने, शिक्षण संस्थानों में तम्बाकू नियंत्रण गतिविधियों को सुदृढ़ करने तथा विभिन्न विभागों के मध्य समन्वय स्थापित कर प्रवर्तन गतिविधियों कि जानकारी दी।

बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी अभय सिंह , संयुक्त कलेक्टर अमित सिंह , रीता डेहरिया, डिप्टी कलेक्टर कमलेश नीरज, प्रत्युष श्रीवास्तव, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. व्ही.एस. चंदेल, जिला नोडल अधिकारी राष्ट्रीय तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम डॉ. संदीप सिंह, जिला कार्यक्रम प्रबंधक दशन पन्द्राम जिला किशोर स्वास्थ्य संबंधक एवं अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### विद्या नगर कालोनी में बीच सड़क घर निर्माण कि समाग्री रख रास्ता बंद कर दिया

**ब्योहारी -** ब्योहारी नगर परिषद क्षेत्र वार्ड नंबर दो पेट्रोल पंप के पीछे विद्या नगर कालोनी में रहने वाले किसी व्यक्ति ने बीच सड़क में मकान निर्माण के लिए मर्टेर्लियर जैसे बालू, गिट्टी,ईटा आदि बीच सड़क में रख कर रास्ता बंद कर दिया है जिससे कालोनी में रहने वालों को सड़क पर से छोटे वाहन व साइकिल भी नहीं निकल सकती है बताया जा रहा है कालोनी में रहने वालों ने मना किया कि रास्ते गिट्टी ईटा बालू और लोहा नहीं रखों विवाद कि स्थिति बनती है लोगों कि अपेक्षा है नगर परिषद क्षेत्र के पेट्रोल पंप के पीछे विद्या नगर कालोनी में वार्ड क्रमांक दो में प्रसाशन जांच कर उचित कार्यवाही करें जिससे भविष्य में कोई व्यक्ति सड़क दुरूपयोग न आम जनता को किसी प्रकार आवागमन में सुविधा न हो*

बाताया जाता है कि रात्रि में विद्या नगर कालोनी में वार्ड क्रमांक दो में सड़क पर अधेंला रहता है जिससे कारण पैदल व साइकिल से चलने वालें आम नागरिक गिर जाते हैं फिर भी लोगों इतना डर कि जिस व्यक्ति ने बीच सड़क गिट्टी ईटा बालू और लोहा रखा उसका कालोनी में विरोध नहीं किया जा सकता है कहा जाता है कि झगडा से लोग दूरी बनाए रखना चाहते हैं लेकिन फिर भी नगर परिषद प्रशासन को शक्त कार्यवाही करने चाहिए।

### रेलवे स्टेशन के सामने गोलियां चलने से दहशत

**कटनी।** शहर के सबसे संवेदनशील और व्यस्त इलाकों में शामिल कटनी रेलवे स्टेशन के सामने गत रात करीब 11:35 बजे फायरिंग की घटना से दहशत फैल गई। जानकारी के अनुसार स्टेशन से लगभग 100 मीटर दूर स्थित शराब दुकान के बाहर एक युवक ने पिस्तौल से चार फायर किए। घटना के समय क्षेत्र में यात्रियों, दुकानदारों और आम लोगों की आवाजाही बनी हुई थी। राहत की बात रही कि इस घटना में कोई जनहानि नहीं हुई, अन्यथा बड़ा हादसा हो सकता था। इस घटना ने रेलवे स्टेशन क्षेत्र की सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं।

## घायल की जान बचाने वाले राह-वीर शेख सलीम सम्मानित

**उमरिया।** सडक़ दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल व्यक्ति को समय पर सहायता पहुंचाकर उसकी जान बचाने वाले शेख सलीम पिता स्व0शेख अजमेर निवासी खितौली तहसील बरही जिला कटनी को परिवहन आयुक्त, मध्यप्रदेश द्वारा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया है। कलेक्टर श्रीमती राखी सहाय ने उन्हें प्रशस्ति पत्र सौंपते हुए उनके साहसिक, मानवीय और प्रेरणादायी कार्य की सराहना की।




23 जून को 2025 को हुई एक सडक़ दुर्घटना में शिक्षक लालबहादुर पटेल सडक हादसे में गंभीर रूप से घायल हो गए थे। दुर्घटना के बाद 'गोल्डन ऑवर' के दौरान शेख सलीम ने तत्परता दिखाते हुए घायल को तत्काल निकटतम अस्पताल एवं ट्रॉमा सेंटर पहुंचाने की व्यवस्था कराई। समय पर उपचार मिलने से उनकी जान बचाई जा सकी।

उनकी इस संवेदनशील और सराहनीय पहल को देखते हुए परिवहन आयुक्त, मध्यप्रदेश ने उन्हें राह-वीर सम्मान से नवाजा। साथ ही राहवीर योजना के अंतर्गत 25 हजार रुपये की प्रोत्साहन राशि भी स्वीकृत की गई है। प्रशस्ति पत्र में उनके इस मानवीय कार्य की प्रशंसा करते हुए भविष्य में भी जनसेवा और मानवता के कार्यों में इसी तरह योगदान देने की अपेक्षा व्यक्त की गई है।

इस अवसर पर कलेक्टर श्रीमती राखी सहाय ने कहा कि सडक़ दुर्घटना में घायल व्यक्ति को समय रहते अस्पताल पहुंचाना सबसे बड़ा मानवीय कर्तव्य है। गोल्डन ऑवर के दौरान मिली सहायता किसी भी व्यक्ति को नया जीवन प्रदान कर सकती है। उन्होंने कहा कि समाज में ऐसे उदाहरण दूसरों को भी जरूरतमंदों की सहायता के लिए प्रेरित करते हैं। इस अवसर पर जिला परिवहन अधिकारी रमा दुबे उपस्थित रही।

## अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर नवांकुर योजना अंतर्गत सामूहिक योग एवं ध्यान कार्यक्रम का आयोजन

**भालूमाड़ा।** 21 जून अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर म.प्र. जन अभियान परिषद अनूपपुर के नेतृत्व सेक्टर क्रमांक 03 विकासखंड अनूपपुर की नवांकुर संस्था कोशिश सेवा समिति कोतमा कालरी जनपद एवं पंचायत प्रतिनिधियों की उपस्थिति में जनपद पंचायत अनूपपुर के ग्राम पंचायत बदरा के सहयोग से सामूहिक योग कार्यक्रम का आयोजन ग्राम पंचायत बदरा के परिसर में किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य शरीर, मन और आत्मा के बीच संतुलन स्थापित करके समग्र स्वास्थ्य प्राप्त करना एवं समाज में योग के प्रति जागरूकता तथा रुचि बढ़ाना रहा। कार्यक्रम में योग शिक्षक के रूप में आजीविका परियोजना के रामलाल पांडे के मार्गदर्शन में उपस्थित सभी प्रतिभागियों ने विभिन्न योगासन एवं प्राणायाम का अभ्यास कर योग को दैनिक जीवन में अपनाने का संकल्प लिया। जनपद पंचायत अनूपपुर में पदस्थ स्वच्छ भारत मिशन के समन्वयक अंकुर सिंह ने उपस्थित सभी लोगों को नियमित योग करने तथा स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में उपस्थित सेक्टर क्रमांक 03 की नवांकुर संस्था कोशिश सेवा समिति के सचिव एवं मानसिक एवं दिव्यांग विकास केंद्र के संचालक जितेंद्र रजक ने उपस्थित सभी लोगों को मानसिक शांति और तनाव मुक्त रहने मानसिक विकारों, तनाव और चिंता को कम करने के लिए योग एवं प्राणायाम को एक बेहतर विकल्प बतायास उन्होंने बताया कि योग एवं ध्यान के माध्यम से जीवन की विपरीत परिस्थितियों में भी स्थिर और सकारात्मक रहने की क्षमता विकसित की जा सकती हैस कार्यक्रम का समापन एवं आभार बदरा ग्राम पंचायत सरपंच शिवभान सिंह द्वारा किया गया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में ग्राम पंचायत पकरिहा सरपंच संतोष सिंह, अन्य स्थानीय जन, समाजसेवी, नवांकुर संस्था कोशिश सेवा समिति के प्रभारी अमीन अहमद, सेक्टर क्रमांक 01 की नवांकुर संस्था रामकिशोर सिंह, जन्उत्थान समिति के सचिव नागेंद्र सिंह, परामर्शदाता श्रीमती शारदा चौरसिया, रवि भारती, केशव सिंह जन अभियान परिषद विकासखंड अनूपपुर के सेक्टर क्रमांक 3 की प्रस्फुटन समिति बदरा, पकरिया, हरद, सीएमसीएलडीपी के छात्र कुसुम लहरें, अंजली जायसवाल, गणेशिया, निकिता सिंह, स्नेहा सिंह, काजल, कुंती, दीक्षा प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।



## शिक्षक ही सशक्त राष्ट्र होते है नींव, 3 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम सम्पन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶ स्लीमनाबाद

महार्षि विद्या मंदिर स्लीमनाबाद में आयोजित तीन दिवसीय शिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम का सफलतापूर्वक समापन हुआ। तीन दिवसीय प्रशिक्षण में शिक्षकों ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020, भारतीय ज्ञान परंपरा, मूल्य आधारित शिक्षा, स्मार्ट कक्षा, कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई ), करियर मार्गदर्शन तथा नवीन शिक्षण पद्धतियों पर गहन अध्ययन एवं अभ्यास किया।

प्रथम दिवस का प्रशिक्षण प्राचार्या डॉ. सरिता पांडे के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ।शिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम को संबोधित करते हुए स्लीमनाबाद महाविद्यालय प्राचार्या डॉ सरिता पांडेय ने कहा कि शिक्षक होना हमारे लिए गौरव की बात है और हम बच्चो को संस्कार युक्त शिक्षा दे यही हमारा लक्ष्य होना चाहिये। गुरुदेव महर्षि महेश योगी का यही संदेश भी है।

## अमरकंटक में टैक्सी यूनियन कल्याण समिति के नवीन कार्यालय का उद्घाटन

### राष्ट्रीय अध्यक्ष ने यात्रियों की सुविधा एवं पारदर्शी व्यवस्था पर दिया जोर

**अमरकंटक।** पावन नगरी अमरकंटक में टैक्सी यूनियन कल्याण समिति संपूर्ण भारत के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुशील सिंह चौहान के आगमन से संगठनात्मक गतिविधियों को नई ऊर्जा प्राप्त हुई। 16 जून को उनके द्वितीय अमरकंटक प्रवास के अवसर पर टैक्सी यूनियन कल्याण समिति, इकाई अमरकंटक द्वारा भव्य स्वागत एवं मिलन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में संगठन के विभिन्न पदाधिकारियों एवं बड़ी संख्या में टैक्सी चालकों की गरिमामयी उपस्थिति रही। इस अवसर पर राष्ट्रीय संगठन मंत्री नीरज दुबे (जबलपुर), राष्ट्रीय महासचिव मुन्ना महाराज (सतना), राष्ट्रीय सचिव विजय साव (सिंगरौली), मध्य प्रदेश प्रचार मंत्री अजीत शुक्ला, संभागीय अध्यक्ष नासिर खान (शहडोल) सहित अमरकंटक इकाई के अध्यक्ष आदित्य जायसवाल, उपाध्यक्ष राजबहोर मिश्रा एवं अभय यादव, कोषाध्यक्ष लेखराम साहू, प्रचार मंत्री रानू सोनी, संगठन मंत्री धर्मेंद्र गुप्ता एवं राजा सांडिया, महामंत्री चरण मरावी, उमेश सोनवानी, क्षत्रपति यादव, मीडिया प्रभारी सोमू दुबे तथा समस्त कार्यकारिणी सदस्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ माँ नर्मदा की भक्तिमय आरती एवं पूजन-अर्चन के साथ हुआ। आध्यात्मिक वातावरण के मध्य राष्ट्रीय अध्यक्ष सुशील सिंह चौहान ने उपस्थित सारथी भाइयों एवं टैक्सी चालकों को संबोधित करते हुए संगठन के उद्देश्यों, वर्तमान चुनौतियों तथा भविष्य की कार्ययोजनाओं पर विस्तारपूर्वक प्रकाश डाला। अपने उद्बोधन में उन्होंने कहा कि अमरकंटक आने वाले पर्यटक, श्रद्धालु एवं नर्मदा परिक्रमा वासी इस तीर्थनगरी की पहचान हैं। ऐसे में सभी वाहन संचालकों का दायित्व है कि वे यात्रियों को सम्मानजनक, सुरक्षित एवं गुणवत्तापूर्ण सेवाएँ प्रदान करें। उन्होंने प्रशासन के साथ बेहतर समन्वय बनाए रखने तथा यात्रियों की सुविधा को सर्वोच्च प्राथमिकता देने का आह्वान किया। राष्ट्रीय अध्यक्ष ने नर्मदा परिक्रमा वासियों से होने वाली अवैध वसूली की घटनाओं पर चिंता व्यक्त करते हुए प्रशासन से ऐसे तत्वों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की मांग की। साथ ही उन्होंने अमरकंटक इकाई के अध्यक्ष श्री आदित्य जायसवाल एवं उनकी टीम को निर्देशित किया कि किसी भी श्रद्धालु या परिक्रमा वासी के साथ आर्थिक शोषण न होने पाए तथा उनकी समस्याओं के समाधान हेतु संगठन सदैव तत्पर रहे। बैठक में अमरकंटक आने वाले बाहरी टैक्सी चालकों के लिए उचित आश्रय स्थल की व्यवस्था की आवश्यकता पर भी गंभीरता से विचार किया गया। इसके अतिरिक्त टैक्सी वाहनों के लिए निर्धारित रेट लिस्ट का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने पर बल दिया गया, जिससे यात्रियों और वाहन संचालकों के बीच पारदर्शिता एवं विश्वास का वातावरण बना रहे। चर्चा के दौरान यह महत्वपूर्ण प्रस्ताव भी रखा गया कि अमरकंटक आने वाले यात्रियों एवं नर्मदा परिक्रमा वासियों के लिए रामघाट के समीप स्थापित टैक्सी बुकिंग काउंटर के माध्यम से केवल टैक्सी यूनियन द्वारा सत्यापित (वेरिफाइड) वाहनों की सेवाएँ उपलब्ध कराई जाएँ। इस व्यवस्था से यात्रियों को उचित किराए पर सुरक्षित वाहन उपलब्ध होंगे तथा अनुचित किराया वसूली जैसी समस्याओं पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित किया जा सकेगा। इसी क्रम में 17 जून को रामघाट, अमरकंटक के सामने स्थित शॉप नंबर 101 में टैक्सी यूनियन कल्याण समिति संपूर्ण भारत, इकाई अमरकंटक के नवीन कार्यालय का विधिवत उद्घाटन किया गया। नवस्थापित कार्यालय संगठनात्मक गतिविधियों का केंद्र बनेगा तथा पर्यटकों, श्रद्धालुओं, नर्मदा परिक्रमा वासियों एवं टैक्सी चालकों को आवश्यक सहायता, मार्गदर्शन एवं जानकारी उपलब्ध कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। कार्यक्रम का मूल उद्देश्य संगठन को और अधिक सुदृढ़ बनाना, सारथी भाइयों के हितों एवं अधिकारों की रक्षा करना तथा अमरकंटक आने वाले यात्रियों को सुरक्षित, पारदर्शी एवं उत्कृष्ट परिवहन सेवाएँ उपलब्ध कराना रहा। आयोजन के सफल संपादन पर उपस्थित सभी पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने संगठन की एकजुटता और सेवा भावना को और अधिक मजबूत करने का संकल्प व्यक्त किया।




## होम्योपैथिक औषधालय में नगर परिषद द्वारा योग दिवस कार्यक्रम का उत्साहमय किया गया आयोजन -



**स्वस्थ एवं निरोगी बनाये रखने में योग की महती भूमिंका: सौरभ श्रीवास्तव**

**बुढार।** शासकीय होम्योपैथिक औषधालय बुढार के वार्ड क्र. 7 में नगर परिषद बुढार द्वारा रविवार को अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम का वृहद आयोजन किया गया, और योग के विविध योगासन कराया गया।नगर परिषद बुढार के सी.एम.ओ.सौरभ श्रीवास्तव के मुख्यातिथ तथा जिला आयुष अधिकारी श्रीमती शशिप्रभा पाण्डेय तथा अधिवक्ता ओमप्रकाश पाण्डेय के आतिथ्य में योग दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि सी.एम.ओ. सौरभ श्रीवास्तव ने अपने उद्बोधन में कहाकि - व्यक्ति के जीवन में योग का महत्वपूर्ण योगदान है, यह क्रिया स्वस्थ व निरोगी बनाये रखने में अति सहायक है जिसे नित्य अपनाने की नितान्त आवश्यकता है।योग के विविध क्रियाओं को प्रशिक्षित योगाचार्य रामकिशोर पाठक ने उपस्थित नागरिकों से करवाया और योग के लाभ से अवगत कराया।योग दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में नगर परिषद के- राधिका तिवारी,अभय शुक्ला, तथा होम्योपैथिक औषधालय के स्वास्थ्य अमला तथा नागरिकों की भरपूर सहभागिता रही।

## गायत्री जयंती महोत्सव 23 जून 2026 दिन मंगलवार को विशाल ज्योति कलश यात्रा नगर भ्रमण किया जाएगा



**ब्योहारी।** ब्योहारी में गायत्री परिवार ट्रस्ट के द्वारा गायत्री शक्तिपीठ में 23 जून दिन मंगलवार को विशाल ज्योति कलश यात्रा निकाली जाएगी गायत्री शक्तिपीठ से प्रारंभ होगी शाम 4 बजे वाया चुंगीनाका दुर्गा मंदिर , हनुमान मंदिर पुरानी मजिस्ट्रेटी बस स्टैंड दुर्गा मंदिर (मढुलिन) लक्ष्मीनारायण मंदिर राम मंदिर राधा कृष्ण मंदिर से होते हुए गायत्री मंदिर में जाकर कलश यात्रा होगी कलश यात्रा माताओं बहनों व तरूण साथियों सम्मिलित हो पुष्य का भागीदार बनें।

सम्पन्न और 24 जून दिन बुधवार को गंगा दशहरा के दिन विभिन्न कार्यक्रम गायत्री जयंती महोत्सव दिन होता।

गायत्री जयंती महोत्सव में 24 जून 2026 दिन बुधवार को गायत्री शक्ति का महापर्व गायत्री शक्तिपीठ में मनाया जाएगाजिसमें गायत्री जयंती के उपलक्ष्य में कार्यक्रम क्रमशः होंगे *1 - जय साधना सुबह 5 बजे से 7 तक । 2 - 5 कुण्डीय गायत्री यज्ञ - ( संस्कार ) सुबह 7 बजे । 3 - महादीप यज्ञ - शाम 5 बजें। 4 - महाप्रसाद वितरण - सुबह 10 बजे से रात 10 बजे तक ।यज्ञ पावन सुगन्ध घर घर फैलाये, गायत्री जयंती महोत्सव पर परिवार सहित अवश्य पधारें।

## अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर लीनेस क्लब द्वारा योग शिविर आयोजित



**धनपुरी।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर लीनेस क्लब द्वारा नेहरू डिग्री कॉलेज में योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कॉलेज के विद्यार्थियों, प्राध्यापकों एवं महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। क्लब की चेयरपर्सन स्नेह लता गुप्ता के मार्गदर्शन में विभिन्न योगासन एवं प्राणायाम का अभ्यास कराया गया। उपस्थित सभी लोगों को योग के माध्यम से स्वस्थ एवं संतुलित जीवन जीने का संदेश दिया गया।इस अवसर पर चेयरपर्सन स्नेहता जी ने कहा, ₹योग भारतीय संस्कृति की अमूल्य धरोहर है। नियमित योग करने से शरीर स्वस्थ, मन शांत और जीवन सकारात्मक बनता है। हमें योग को अपनी दैनिक दिनचर्या का हिस्सा बनाना चाहिए।कार्यक्रम में क्लब की सदस्य अर्चना ओझा, प्रतिमा जैन , बबीता जायसवाल, शैला गुप्ता एवं अंजना जैन उपस्थित रहे। सभी ने योग के प्रति जागरूकता फैलाने तथा प्रतिदिन योग करने का संकल्प लिया। अंत में क्लब की अध्यक्ष बिन्दा भगत ने सभी प्रतिभागियों का आभार व्यक्त किया गया और कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

## उमरिया में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर योग शिविर आयोजित:युवाओं ने उत्साहपूर्वक किया योगाभ्यास



**उमरिया-** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर युवा टीम उमरिया के द्वारा मा बिरासिनी क्रिकेट स्टेडियम,पाली परिसर में योगाभ्यास कार्यक्रम का आयोजन किया गया।इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में युवाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।योग शिविर का संचालन युवा टीम संयोजक हिमांशु तिवारी ने किया। उन्होंने उपस्थित सभी लोगों को ताड़ासन, वृक्षासन, भुजंगासन, कपालभाति और अनुलोम-विलोम जैसे योगासन एवं प्राणायाम का अभ्यास कराया।उन्होंने ने योग के लाभ बताते हुए कहा कि योग भारत की प्राचीन धरोहर है, जिसके नियमित अभ्यास से शारीरिक बीमारियां और मानसिक तनाव कम होता है।उन्होंने आज की भागदौड़ भरी जिंदगी में हर व्यक्ति को प्रतिदिन कम से कम 30 मिनट योग करने की सलाह दी।योग और आयुर्वेद से कई गंभीर बीमारियों का इलाज संभव है। मंडल उपाध्यक्ष ठाकुर पोपाल सिंह ने ग्रामीणों से अपील की कि वे अपने बच्चों को भी योग से जोड़ें। योगाभ्यास के दौरान योग कोच समय लाल साहू,टीम संयोजक हिमांशु तिवारी,राहुल सिंह,नेहा सिंह,रूद्र प्रधान,शुभम पटेल,श्रद्धा सिंह,अतिव्य रजक,अभिनव द्विवेदी, तनिष्क बर्मन, दीप्ती सिंह,भक्ति सिंह,दिशा पाठक,निशांत रजक,यशोदा कोल,चारवी तिवारी,खुशी कोल,पूर्वी तिवारी,सत्यम सेन,निरंजन कुशवाहा,सानिया सिंह,तम्मना मार्को,श्रेयांस द्विवेदी, युवराज सिंह,प्रणव सिंह,अमन बर्मन, श्रीराम तिवारी,धनराज बर्मन, देव खुदिशा,प्रदीप प्रजापति,राघवेंद्र सिंह व सभी युवा साथी उपस्थित रहे।

**खबर संक्षेप**




## अपहरण और फिरौती मांगने के मामले में शासन की अपील खारिज

**अनूपपुर।** वर्ष 2019 में एक 13 वर्षीय बालक के कथित अपहरण एवं फिरौती मांगने के मामले में बड़ा कानूनी फैसला सामने आया है। माखन पटेल, रामजी राठौर, कान्हा कहार निवासी अनूपपुर के विरुद्ध मध्यप्रदेश शासन द्वारा दायर की गई क्रिमिनल अपील को उच्च न्यायालय जबलपुर ने खारिज कर दिया है। न्यायालय ने ट्रायल कोर्ट द्वारा दिए गए बरी करने के निर्णय को सही मानते हुए उसमें हस्तक्षेप करने से इनकार कर दिया है। जानकारी के अनुसार वर्ष 2019 में अनूपपुर पुलिस ने उक्त तीनों युवकों के विरुद्ध भारतीय दंड संहिता की धारा 363, 366-ए एवं 365 के तहत मामला दर्ज किया था। आरोप था कि 13 वर्षीय बालक का अपहरण कर फिरौती की मांग की गई थी। मामले की विवेचना के बाद पुलिस ने आरोप पत्र न्यायालय में प्रस्तुत किया था। प्रकरण के परीक्षण के दौरान ट्रायल कोर्ट ने उपलब्ध साक्ष्यों, गवाहों के बयान एवं अभिलेखों का परीक्षण किया। सुनवाई के उपरांत न्यायालय ने अभियोजन पक्ष के आरोपों को संदेह से परे सिद्ध नहीं माना और तीनों आरोपियों को दोषमुक्त करते हुए बरी कर दिया था। ट्रायल कोर्ट के इस निर्णय को चुनौती देते हुए मध्यप्रदेश शासन ने उच्च न्यायालय जबलपुर में क्रिमिनल अपील प्रस्तुत की थी। अपील की सुनवाई के दौरान आरोपी पक्ष की ओर से अधिवक्ता दीपक कुमार पांडे ने पैरवी की। 16 जून को अंतिम बहस पूरी होने के बाद उच्च न्यायालय ने मामले में अपना निर्णय सुनाते हुए ट्रायल कोर्ट के फैसले को सही माना तथा शासन की अपील को निरस्त कर दिया है। उच्च न्यायालय के इस निर्णय के साथ ही आरोपियों को मिली बरी की राहत बरकरार रहेगी और प्रकरण में शासन की चुनौती समाप्त हो गई है।

## बिना लाइसेंस खाद्य व्यवसाय पर 20 हजार का अर्थदंड

**कटनी।** बिना लाइसेंस खाद्य व्यवसाय संचालित करने के मामले में अपर कलेक्टर एवं न्याय निर्णायक अधिकारी नीलांबर मिश्रा ने खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 के तहत कार्यवाई करते हुए ग्राम बंजारी स्थित सलमान किराना के प्रतिष्ठान संचालक पर 20 हजार रुपये का अर्थदंड लगाया है। खाद्य सुरक्षा अधिकारी ब्रजेश कुमार विश्वकर्मा ने 23 जुलाई 2025 को उक्त दुकान का औचक निरीक्षण किया था। निरीक्षण के दौरान संचालक से खाद्य व्यवसाय संचालन हेतु लाइसेंस या पंजीयन प्रस्तुत करने को कहा गया, लेकिन वह कोई वैध दस्तावेज उपलब्ध नहीं करा सका। जांच में यह पाया गया कि बिना लाइसेंस खाद्य सामग्री का क्रय-विक्रय करना खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 की धारा 26(1), 31(2) सहपठित धारा 50 का उल्लंघन है। इस आधार पर प्रकरण दर्ज कर सुनवाई की गई। सुनवाई के दौरान संचालक सलमान खान ने कहा कि उन्हें लाइसेंस की आवश्यकता की जानकारी नहीं थी। हालांकि न्यायालय ने इसे स्वीकार नहीं किया और निरीक्षण के समय लाइसेंस उपलब्ध न होने को गंभीर मानते हुए अधिनियम की धारा 58 के तहत 20 हजार रुपये का आर्थिक दंड लगाया।

## आदतन अपराधी को विरूद्ध जिला बदर की हुई कार्यवाही

**कटनी।** कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी आशीष तिवारी ने ग्राम देवरीसानी, थाना माधवनगर निवासी रामसुजान उर्फ लल्लू बर्मन पिता स्व. जगदीश प्रसाद बर्मन 40 वर्ष के विरुद्ध जिलाबदर की कार्यवाही करते हुए आगामी 5 महीनों के लिए जिले की राजस्व सीमाओं से बाहर जाने का आदेश पारित किया है। कलेक्टर श्री तिवारी ने यह कार्यवाही पुलिस अधीक्षक से प्राप्त प्रतिवेन के आधार पर की है।

### ग्रामीण क्षेत्रों में शराब सप्लाई नेटवर्क पर उठे सवाल

# बिना नंबर की बोलेरो में अवैध शराब की खेप जप्त, दो आरोपी गिरफ्तार




### पुलिस की कार्यप्रणाली पर लग रहा प्रश्न चिन्ह

**अनूपपुर।** अनूपपुर कोतवाली पुलिस ने अवैध शराब की तस्करी के खिलाफ खानापूर्ति कार्यवाही करते हुए बिना नंबर प्लेट लगी बोलेरो वाहन से 30.3 लीटर शराब जब्त कर दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने शराब और वाहन सहित करीब 3.10 लाख रुपये का माल जब्त किया है। इस कार्यवाही के बाद ग्रामीण क्षेत्रों में बिना नंबर वाली गाड़ियों से हो रही शराब सप्लाई को लेकर कई सवाल खड़े हो गए हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि ऐसे वाहन लंबे समय से गांवों में सक्रिय हैं लेकिन पुलिस महज अपना कोरम भरने का काम कर रही है लेकिन ग्रामीण स्तर पर हो रही पैकारी में लगाम लगाने में असफल नजर आ रही है।पुलिस अधीक्षक विक्रांत मुराब के निर्देशन तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जगन्नाथ मरकाम एवं एसडीओपी नवीन तिवारी के मार्गदर्शन में कोतवाली पुलिस ने अवैध शराब के परिवहन पर भले ही खानापूर्ति करते हुए कार्यवाही की है। लेकिन यह पुलिस की शक्ति का प्रमाण है कि पुलिस मुखबिर की सूचना पर एक सफेद रंग की बोलेरो को रोका है, जिसमें बड़ी मात्रा में अवैध शराब ले जाई जा रही थी जिससे स्वतः सिद्ध होता है कि जिले की पुलिस कितनी सक्रिय नजर आ रही है बहरहाल इस कार्यवाही के दौरान लवकुश तिवारी निवासी बरगवां और रामप्रसाद रजक निवासी रीवा को गिरफ्तार किया गया है। वाहन से गोवा व्हिस्की, पावर 10000 सुपर स्ट्रांग बीयर एवं अन्य शराब बरामद की गई है पुलिस ने आबकारी अधिनियम की धारा 34(1) के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। वहीं इस कार्यवाही ने जिले में संचालित अवैध शराब सप्लाई नेटवर्क को लेकर नई चर्चा छेड़ दी है। ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों का कहना है कि जिले के लगभग स्थानों पर बिना नंबर प्लेट वाले वाहनों से शराब की आपूर्ति लंबे समय से की जा रही है, जिसकी व्यापक जांच आवश्यक है महज दिखावे की कार्यवाही करके पुलिस अपनी पीठ थपथपाते ही नजर आ रही है देखना होगा कि अब गांव गांव पहुंच रही अवैध शराब पर नवागत पुलिस अधीक्षक लगाम लगाने में कितने सफल हो पाते है।

### मुखबिर की सूचना पर पुलिस की कार्यवाही

20 जून को प्राप्त सूचना के आधार पर कोतवाली पुलिस ने तत्काल घेराबंदी कर संदिग्ध बोलेरो वाहन को पकड़ा है। तलाशी के दौरान वाहन में रखी शराब बरामद हुई। पुलिस ने आरोपियों को मौके से गिरफ्तार कर वाहन को जब्त कर लिया। अधिकारियों के अनुसार शराब बिक्री के उद्देश्य से परिवहन की जा रही थी। मामले में अपराध क्रमांक 373/26 दर्ज कर विवेचना जारी है। पुलिस अब वाहन के वास्तविक स्वामी तथा इस नेटवर्क से जुड़े अन्य व्यक्तियों की भूमिका की भी जांच कर रही है।

### बिना नंबर प्लेट के वाहनों पर बढ़ी चिंता

कार्यवाही में जिस बोलेरो वाहन को पकड़ा गया, वह बिना नंबर प्लेट के संचालित हो रही थी। इस तथ्य ने ग्रामीण क्षेत्रों में सक्रिय ऐसे वाहनों को लेकर चिंता बढ़ा दी है। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि कई बार बिना पहचान वाले वाहन




गांवों में आते-जाते देखे जाते हैं। ऐसे में सवाल उठ रहे हैं कि इन वाहनों की निगरानी कैसे की जाती है और क्या इनके माध्यम से अन्य अवैध गतिविधियां भी संचालित हो सकती हैं। लोगों ने नियमित जांच अभियान चलाने की मांग की है।

### शराब सप्लाई नेटवर्क की जांच की मांग

ग्रामीण अंचलों में अवैध शराब की उपलब्धता को लेकर लंबे समय से शिकायतें सामने आती रही हैं। फिलहाल पुलिस की हालिया कार्यवाही कर संकेत दिया है कि जिले में शराब की अवैध सप्लाई का संगठित नेटवर्क सक्रिय है। हालांकि पुलिस ने मामले में जांच जारी होने की बात कही है, लेकिन नागरिकों का मानना है कि केवल वाहन और आरोपियों की गिरफ्तारी पर्याप्त नहीं होगी। शराब के स्रोत, सप्लायर और वितरण तंत्र तक पहुंचकर कार्यवाही किए जाने से ही इस अवैध कारोबार पर प्रभावी अंकुश लगाया जा सकेगा महज कोरम पूरा करने से काम नहीं चलने वाला है।



### रामनगर पुलिस की अवैध शराब पर कार्यवाही

रामनगर पुलिस ने विभिन्न स्थानों पर दबिश देकर अवैध रूप से शराब बिक्री कर रहे 05 आरोपियों के विरुद्ध आबकारी अधिनियम के तहत कार्यवाही की है। 1. रिंकू ठाकुर पिता स्व. अम्बिका ठाकुर, उम्र 38 वर्ष, निवासी वार्ड क्रमांक 11, साइडिंग दफाई राजनगर के कब्जे से 08 पाव देशी प्लेन मदिरा, 06 पाव ऑफिसर च्वाइस अंग्रेजी शराब एवं 01 बोतल पावर कूल बीयर (650 एमएल) कुल 3.170 लीटर अवैध शराब, जिसकी कुल कीमत लगभग 1,920 है, जप्त की गई। 2. कन्हैया अग्रहरी पिता स्व. दीनानाथ अग्रहरी, उम्र 44 वर्ष, निवासी साइडिंग तिराहा राजनगर के कब्जे से 06 केन माउंट्स 6000 अंग्रेजी बीयर (प्रत्येक 500 एमएल), 02 केन पावर 10000 बीयर (प्रत्येक 500 एमएल) एवं 02 पाव देशी मसाला मदिरा कुल 4.360 लीटर शराब, जिसकी कुल कीमत लगभग 1,400 है, जप्त की गई। 3. देव प्रसाद केवट पिता जोधी लाल केवट, उम्र 41 वर्ष, निवासी एम/143, सी सेक्टर राजनगर थाना रामनगर के कब्जे से 05 केन पावर 10000 बीयर (कुल 2.500 लीटर) एवं 02 पाव मैकडॉवेल अंग्रेजी शराब (360 एमएल) कुल 2.860 लीटर शराब, जिसकी कुल कीमत 1,150 है, जप्त की गई। 4. दलपत सिंह पिता राम प्रसाद सिंह, उम्र 25 वर्ष, निवासी गोपाल पंडाल राजनगर थाना रामनगर के कब्जे से 06 केन पावर 10000 बीयर (कुल 3.000 लीटर) एवं 01 बोतल किंगफिशर स्ट्रांग बीयर (650 एमएल) कुल 3.650 लीटर शराब, जिसकी कुल कीमत 1,100 है, जप्त की गई। 5. सोमेन विश्वास पिता स्व. कुमुद रंजन विश्वास, उम्र 51 वर्ष, निवासी वार्ड क्रमांक 15 शांतिनगर थाना रामनगर के कब्जे से 02 बोतल पावर 10000 बीयर, 03 बोतल किंगफिशर स्ट्रांग बीयर, 02 पाव देशी मसाला मदिरा एवं 02 पाव गोवा शराब कुल 3.970 लीटर शराब, जिसकी कुल कीमत 1,590 है, जप्त की गई। उक्त सभी आरोपियों के विरुद्ध थाना रामनगर में क्रमशः अपराध क्रमांक 176/26, 177/26, 178/26, 179/26 एवं 180/26 पंजीबद्ध कर धारा 34(ए) मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम के तहत कार्यवाही की गई है।

## बाढ़ एवं अतिवृष्टि से निपटने जिला स्तरीय कंट्रोल रूम स्थापित, 24 घंटे तैनात रहेंगे कर्मचारी



**अनूपपुर।** आगामी मानसून को दृष्टिगत रखते हुए जिले में बाढ़ एवं अतिवृष्टि की संभावित स्थिति से निपटने तथा मैदानी स्तर के अमले से बेहतर समन्वय स्थापित करने के लिए कलेक्टर हर्षल पंचोली द्वारा जिला स्तरीय कंट्रोल रूम सक्रिय करने के आदेश जारी किए गए हैं। यह नियंत्रण कक्ष कार्यालय कलेक्टर अनूपपुर के कक्ष क्रमांक 56 (जिला आपदा नियंत्रण कक्ष) में स्थापित किया गया है, जहाँ आगामी समय में 24 घंटे दूरभाष एवं ई-मेल के माध्यम से मॉनिटरिंग की जाएगी। कलेक्टर द्वारा जारी आदेश के अनुसार, जिला आपदा नियंत्रण कक्ष में सुचारू व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए कर्मचारियों की तीन शिफ्टों में ड्यूटी लगाई गई है। प्रातः 08:00 बजे से दोपहर 02:00 बजे तक मनोज कुमार रौतेल (मो. नं. 9131271968), दोपहर 02:00 बजे से रात्रि 08:00 बजे तक सुश्री कमलेश्वरी यादव (मो.नं. 9301522935) तथा सुश्री सपना रजक (मो. नं. 9685158619) एवं रात्रि 08:00 बजे से प्रातः 08:00 बजे तक भोलेलाल कोल (मो. नं. 9171365430) की ड्यूटी लगाई गई है। जिला स्तरीय कंट्रोल रूम (दूरभाष क्रमांक 0755-2840603, 07659-181 एवं ई-मेल आईडी) के सफल संचालन एवं समन्वय हेतु जिला प्रबंधक, लोक सेवा प्रबंधन विभाग श्रीमती सोनू सिंह राजपूत (मो. नं. 9424507799) को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। कंट्रोल रूम के माध्यम से जिले में वर्षा की स्थिति, नदी-नालों के जलस्तर और जलभराव की सूचनाओं पर तत्काल संज्ञान लिया जाएगा, ताकि किसी भी आपातकालीन स्थिति में त्वरित राहत एवं बचाव कार्य सुनिश्चित किया जा सके।

## बिजुरी पुलिस द्वारा चोरी व लूट का अंतर्राज्यीय आरोपी गिरफ्तार

### घटना में प्रयुक्त वाहन एवं चोरी की पूरी रकम बरामद

**बिजुरी।** बिजुरी पुलिस को एक बड़ी सफलता मिली है पुलिस टीम ने चोरी और लूट की वारदातों को अंजाम देने वाले शातिर अंतर्राज्यीय आरोपी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से चोरी गया मशरूका एवं घटना में प्रयुक्त वाहन बरामद किया है। 31 मई को फरियादी रामबहोर साहू (निवासी कोठी) ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि 30 मई को बिजुरी अस्पताल के पास खड़ी उनकी बाइक की डिग्गी से किसी अज्ञात चोर ने 50,000 और जरूरी कागजात पार कर दिए थे। शिकायत पर धारा 303(2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई। पुलिस टीम द्वारा घटनास्थल के आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाले जाने पर संदेही की पहचान ओमप्रकाश सिसोदिया उर्फ बच्चा कंजर (निवासी भोलगढ़, अनूपपुर) के रूप में हुई। शातिर चोर की तलाश के लिए पुलिस टीम द्वारा लगातार उसके ठिकानों पर दबिश दी जा रही थी। सतत प्रयासों के चलते आरोपी 22 जुन को




खमरौत चाका, जिला शहडोल से पुलिस अभिरक्षा में आया। पुलिस अभिरक्षा में लेने के बाद आरोपी से हिकमत अमली से पूछताछ की गई, जिसमें उसने थाना बिजुरी की इस चोरी के साथ-साथ थाना रामनगर क्षेत्र में भी इसी प्रकार की घटना को अंजाम देना स्वीकार किया। आरोपी की निशानदेही पर पुलिस ने मामले में चोरी की गई रकम 47,500 (मशरूका) और वारदात में प्रयुक्त वाहन (मोटर सायकल) को बरामद कर वैधानिक कार्यवाही की है। यह तथ्य उल्लेखनीय है कि उपरोक्त आरोपी एक शातिर और आदतन अपराधी है, जिसके विरुद्ध मध्य प्रदेश के विभिन्न जिलों (सतना, रीवा, सिंगरौली) और छत्तीसगढ़ राज्य में चोरी, लूट, नकाबजनी और आर्म्स एक्ट के 15 से अधिक आपराधिक मामले दर्ज हैं। इस कार्यवाही में थाना प्रभारी निरीक्षक विकास सिंह, उपनिरीक्षक विपुल शुक्ला, सउनि उदय प्रजापति, आरक्षक लक्ष्मण दांगी, मनोज उपाध्याय, रवि सिंह, रामनिवास गुर्जर, विश्वजीत मिश्रा और करमजीत सिंह की मुख्य भूमिका रही। बिजुरी पुलिस सभी नागरिकों से अपील करती है कि अपने वाहनों में नगदी, कीमती सामान या आवश्यक दस्तावेज असुरक्षित स्थिति में न छोड़ें। बैंक से बड़ी रकम निकालने के बाद विशेष सावधानी बरतें। यदि अपने आसपास कोई भी संदिग्ध व्यक्ति या गतिविधि दिखाई दे, तो तुरंत इसकी सूचना नजदीकी पुलिस थाने को दें।


# टोल वसूली में अव्वल, सड़क सुरक्षा में फिसड्डी

## मौत को दावत दे रहे जर्जर शोल्डर और सड़क के गड्ढे

बुढ़ार-अमरकंटक मार्ग की बदहाली एक बार फिर उजागर हुई है। अमरकंटक क्षेत्र के पोड़की हेलीपैड के समीप निर्माण सामग्री से भरा एक ट्रैक सड़क के कमजोर शोल्डर में धंसकर पलट गया। सामने से आ रहे वाहन को साइड देने के दौरान हुए इस हादसे में चालक को मामूली चोटें आईं, लेकिन घटना ने सड़क की खस्ताहाल स्थिति और जिम्मेदार विभाग की लापरवाही को बेनकाब कर दिया है। सवाल उठ रहा है कि आखिर जनता की सुरक्षा से इतना बड़ा खिलवाड़ कब तक चलता रहेगा?

### पोड़की हेलीपैड के पास पलटा ट्रैक एयरटेल कंपनी को शोल्डर खुदाई की आखिरकार किसने दी अनुमति

**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।** अमरकंटक जैसे अंतरराष्ट्रीय पहचान वाले धार्मिक और पर्यटन क्षेत्र को जोड़ने वाली बुढ़ार-अमरकंटक सड़क आज अपनी बदहाली पर आंसू बहा रही है। पोड़की हेलीपैड के पास हुई ताजा दुर्घटना ने सड़क निर्माण और रखरखाव की हकीकत सामने ला दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार निर्माण सामग्री लेकर जलेश्वर की ओर जा रहा ट्रैक सामने से आ रहे वाहन को रास्ता देने के लिए सड़क किनारे उतरा, लेकिन शोल्डर की मिट्टी इतनी कमजोर निकली कि वाहन के पहिए धंस गए और पूरा ट्रैक पलट गया। गनीमत रही कि चालक सुरक्षित बच गया, अन्यथा यह हादसा जानलेवा साबित हो सकता था। करोड़ों रुपये की परियोजनाओं और विकास के दावों के बीच यह घटना सीधे तौर पर सड़क की गुणवत्ता पर सवाल खड़े करती है। स्थानीय लोगों का कहना है कि सड़क पर गड्ढों के साथ-साथ टूटे और धंसे शोल्डर लंबे समय से दुर्घटनाओं को न्योता दे रहे हैं, लेकिन जिम्मेदार विभाग आंखें मूंदे बैठा है और खाना पूर्ति करने में लगा हुआ है।



### पोड़की हेलीपैड के पास हादसा, शोल्डर ने खोली पोल

पोड़की हेलीपैड के पास हुआ यह हादसा कोई सामान्य दुर्घटना नहीं बल्कि सड़क की जमीनी हकीकत का प्रमाण है। वाहन चालक ने केवल साइड देने का प्रयास किया था, लेकिन सड़क किनारे का हिस्सा भार सहन नहीं कर सका। इससे साफ है कि शोल्डर या तो तकनीकी मानकों के अनुरूप नहीं हैं या फिर लंबे समय से रखरखाव के अभाव में पूरी तरह कमजोर हो चुके हैं। क्षेत्रवासियों का कहना है कि इस मार्ग पर ऐसे कई स्थान हैं जहां वाहन चालक भय के साये में सफर करते हैं। स्थानीय जनों ने बताया कि एयरटेल कंपनी की लाइन ने इस पूरी सड़क की शोल्डर की खुदाई कर शोल्डर को कमजोर कर दिया है जिसका खामियाजा अब रस्ते में चलने वाले वाहन भुगत रहे है।इस सभी दुर्घटनाओं से सवाल उठता है कि आखिर कार शोल्डर खोदने की परमीशन इन्हें किसने दी अगर परमीशन दी गई है तो जिन शर्तों पर परमीशन दी गई वह पूरा किया गया कि नहीं अगर नहीं तो कार्यवाही और सुरक्षा की जिम्मेदारी किसकी बनती है।

### टोल की वसूली जारी, सड़क सुरक्षा गायब

एक तरफ वाहनों से टोल टैक्स की वसूली नियमित रूप से की जा रही है, वहीं दूसरी तरफ सड़क और शोल्डर की स्थिति लगातार बदतर होती जा रही है।


पूरा, सड़क अधूरा
बुढ़ार-अमरकंटक मार्ग पर मौत के गड्ढे श्रद्धालुओं और यात्रियों की जान से खिलवाड़

जनता पूछ रही है कि आखिर सड़क सुधार और रखरखाव के लिए मिलने वाली राशि कहां खर्च हो रही है? यदि सड़क किनारे का हिस्सा ही सुरक्षित नहीं है तो फिर टोल वसूली का औचित्य क्या है? लोगों का आरोप है कि विभाग को केवल राजस्व से मतलब है, यात्रियों की सुरक्षा उसकी प्राथमिकता में दिखाई नहीं देती है किसी भी कंपनी को शोल्डर खुदाई के लिए जो परमीशन विभाग दे रहा है उसके अनुसार आखिर कार्यवाही विभाग क्यों नहीं करते नजर आ रहा है?




### अमरकंटक जाने वाले श्रद्धालुओं की बढ़ी चिंता

यह मार्ग केवल स्थानीय यातायात का साधन नहीं बल्कि लाखों श्रद्धालुओं और पर्यटकों की जीवनरेखा है। नर्मदा उद्गम स्थल अमरकंटक पहुंचने वाले हजारों लोग प्रतिदिन इसी सड़क का उपयोग करते हैं। ऐसे में सड़क की खराब स्थिति और कमजोर शोल्डर यात्रियों की सुरक्षा पर गंभीर खतरा बन चुके हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि किसी यात्री बस या श्रद्धालुओं से भरे वाहन के साथ ऐसा हादसा हो गया तो स्थिति भयावह हो सकती है।लेकिन जिम्मेदार अधिकारी और जनप्रतिनिधियों को इस समस्या से कोई सरोकार नहीं नजर आ रहा है।

### रोज गुजरते हैं बड़े अधिकारी, फिर भी नहीं दिखती समस्या

सबसे हैरान करने वाली बात यह है कि इसी मार्ग से मंत्री, विधायक, सांसद और वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी लगातार गुजरते हैं। इसके बावजूद सड़क की हालत में कोई सुधार नहीं दिखाई देता है। जनता सवाल उठा रही है कि आखिर जिम्मेदार अधिकारियों को यह बदहाली क्यों नहीं दिखाई देती है? क्या किसी बड़ी दुर्घटना और जनहानि के बाद ही मरम्मत कार्य शुरू होगा? लोगों में विभागीय उदासीनता को लेकर भारी नाराजगी है।

### हादसों का इंतजार कर रहा है विभाग?

पोड़की हेलीपैड के पास हुआ हादसा एक चेतावनी है। यदि अभी भी सड़क और शोल्डर की मरम्मत नहीं की गई तो आने वाले दिनों में बड़ी दुर्घटना से इनकार नहीं किया जा सकता है। क्षेत्रवासियों ने मांग की है कि सड़क शोल्डर की तकनीकी जांच कराई जाए, कमजोर शोल्डरों को तत्काल दुरुस्त किया जाए और लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों की जवाबदेही तय की जाए। जनता का कहना है कि विभाग का यह रवैया लोगों की जान के साथ खिलवाड़ से कम नहीं है। अब देखना यह है कि जिम्मेदार विभाग इस घटना से सबक लेता है या फिर किसी बड़े हादसे के बाद औपचारिक संवेदनाएं व्यक्त करने का इंतजार करता है।